उ० प्र० पावर कारपोरेशन लि० अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट

14–अशोक मार्ग शक्ति भवन (वि०), लखनऊ

Email id: cpftrust.2004@gmail.com Website- www.uppst.org

पत्र सं०897/54/सी०पी०एफ०ट्रस्ट/द०वि०वि०नि०लि०/पत्राचार/2020 दिनांकः– 26/11/20

परिपत्र

निदेशक (वित्त) एवं ट्रस्टी उ०प्र०पा०का०लि० के कार्यालय ज्ञाप सं० 380/ट्रस्ट /पी०सी०एल०/सी०पी०एफ०/18 दिनांक 25.06.2014 **(छायाप्रति संलग्न)** द्वारा निर्देशित किया गया था कि सम्बन्धित निगम (डिस्कॉम) द्वारा प्रत्येक माह क्षेत्रीय लेखा कार्यालय वार धनराशि ट्रस्ट कार्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी जिसकी सूचना ट्रस्ट को एवं इकाई वार सूचना क्षेत्रीय लेखा कार्यालय को दी जायेगी। किन्तु उक्त निर्देश का पूर्णतः अनुपालन नही किया जा रहा है एवं अधिकांश खण्डों द्वारा अंशदायी भविष्य निधि मद की धनराशि अपने स्तर से सीधे ट्रस्ट कार्यालय को प्रेषित की जा रही है।

उक्त के दृष्टिगत अनुरोध है कि अंशदायी भविष्य निधि योजना से आवंरित कार्मिकों की धनराशि ट्रस्ट कार्यालयों को प्रेषित करने के संबंध में तत्काल प्रभाव से निम्नवत् प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें:

1. लागू नियमों के अनुसार आहरण एवं वितरण इकाइयों द्वारा सम्बन्धित क्षेत्रीय लेखा कार्यालय के माध्यम से कर्मचारी एवं नियोक्ता अंशदान (मासिक कटौती, विभिन्न अवशेष, अनुग्रह धनराशि आदि) की मांग निगम मुख्यालय को प्रेषित की जाये।
2. क्षेत्रीय लेखा कार्यालय द्वारा प्राप्त मांग को संकलित कर धनराशि सम्बन्धित डिस्कॉम के स्तर से सीधे ट्रस्ट को प्रेषित की जायेगी एवं विभिन्न इकाइयों से सम्बन्धित धनराशि की सूची भी ट्रस्ट कार्यालय को प्रेषित की जाये।

संलग्नक : यथोपरि

(अविनाश चन्द्र पाण्डेय)
सचिव (ट्रस्ट)

पत्र सं० /54/सी०पी०एफ०ट्रस्ट/द०वि०वि०नि०लि०/पत्राचार/2020/तद्दिनांकः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महाप्रबन्धक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा) मध्यांचल/पूर्वांचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि०, लखनऊ/वाराणसी/ मेरठ/आगरा।
2. उपमहाप्रबन्धक (लेखा) कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लि०, कानपुर।
3. समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी, डिस्कॉम लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लि०, कानपुर।
4. उपसचिव, उ०प्र०पा०का०लि० अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. लेखाधिकारी, अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
6. समस्त सहायक लेखाधिकारी, अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
7. समस्त लेखाकार/सहायक लेखाकार, अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

(अविनाश चन्द्र पाण्डेय)
सचिव (ट्रस्ट)